फा.सं. 3.10(1)/एफ डी/2019-सा.-एक

संघ लोक सेवा आयोग

धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड,

नई दिल्ली -110069

*********

दिनांक: 19 अगस्त 2019

विषय : दिनांक 01.10.2019 को सं.लो.से.आ. के 93 वें स्थापना दिवस के आंतरिक (इन हाउस) कार्यक्रम हेतु शामियाना (टेंट), मंच (स्टेज) एवं बैठने की व्यवस्था के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (नि.आ.सू.)।

दिनांक 01.10.2019 को 3.00 बजे अपराह्न में इस कार्यालय के आयोग सचिवालय भवन के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित किए जाने वाले सं.लो.से.आ. के 93वें स्थापना दिवस के आंतरिक (इन हाउस) कार्यक्रम के लिए शामियाना (टेंट), मंच (स्टेज) तथा बैठने की व्यवस्था हेतु दो बोली प्रणाली के अंतर्गत ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती है। मदों के विनिर्देश अनुबंध- 'क' में वर्णित किए गए हैं। जैसा कि इन विनिर्देशों से देखा जा सकता है कि जर्मन हैंगर संरचना / एल्युमिनियम शामियाना (वाटर प्रूफ) की अपेक्षा है और तदनुसार बोली प्रस्तुत की जानी चाहिए।

विगत वर्ष की शामियानों की व्यवस्था से संबंधित स्नैपशाट अनुबंध -च पर दी गई है। बोलीदाताओं को अच्छी तरह सलाह दी जाती है कि वे इस संबंध में पूर्व सूचना (संपर्क दूरभाष नंबर 011-23389035) देते हुए इस कार्यालय का दौरा करके वास्तविक स्थल तथा विगत वर्ष की व्यवस्था के फोटो एलबम अवश्य देख लें।

निविदा दस्तावेज सं.लो.से.आ. की वेबसाइट www.upsc.gov.in और केन्द्रीय लोक प्रापण (सीपीपी) साइट https: //eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड किए जा सकते हैं जिनकी समय सीमा निम्नानुसार क्रिटिकल डेट शीट में दी गई है :-

**<u>नि. आ. सू. के सामान्य निबंधन एवं शर्तें</u>**

क्रिटिकल डेटशीट

| | |
|---|---|
| प्रकाशित किए जाने की तारीख | 19.08.2019 |
| बोली दस्तावेजों को डाउनलोड / बिक्री शुरू करने की तारीख | 19.08.2019 |
| बोली प्रस्तुत करना शुरू करने की तारीख | 19.08.2019 |
| बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख | 11.09.2019 को 03.00 बजे |
| बोली खोलने की तारीख | 12.09.2019 को 03.00 बजे |

**बोलियां ऑनलाइन सीपीपीपी वेबसाइट** https: // eprocure.gov.in / eprocure/ app **पर प्रस्तुत की जाएंगी ।**

निविदाकर्ता/ संविदाकर्ता को सलाह दी जाती है कि ई - प्रापण के लिए 'केन्द्रीय लोक प्रापण पोर्टल (सी पी पी पी) पर https://eprocure.gov.in/eprocure/app के माध्यम से ऑन लाइन बोलियों के लिए निविदाकर्ता/ संविदाकर्ता को अनुदेश'' में दिए गए अनुदेशों का अनुपालन करें।

1. **<u>बोली प्रस्तुत करने की प्रक्रिया</u>**

1.1 निविदा दो भागों में केवल ऑनलाइन प्रस्तुत की जाए जैसे तकनीकी बोली तथा वित्तीय बोली। दस्तावेज़ों को अपलोड किए जाने से पहले प्रस्तुत की जाने वाली बोली के सभी पृष्ठों को दस्तावेज़ों की विषय वस्तु की प्रकृति से असंबद्ध रहते हुए बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षरित तथा क्रमिक रूप से संख्या डाली जानी चाहिए। वेबसाइट पर एकल भाग अथवा फोल्डर में अपलोड की गई बोलियां सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दी जाएंगी।

**टेलीग्राम / फैक्स / ई-मेल तथा किसी अन्य विधि द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा । इस मुद्दे पर कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।**

**2. तकनीकी बोली**

2.1 बोलीदाता को निविदा आमंत्रण सूचना तथा अनुबंध-ड. के अनुसार जांच सूची में उल्लिखित निम्नलिखित दस्तावेज़ों की स्कैन की गई प्रतियां, जिन पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षर किए गए हों, प्रस्तुत करनी होंगी:

2.2 कोई भी संशोधन / ओवर राईटिंग, कांट छांट आदि बोलीदाता द्वारा अपने हस्ताक्षर करके विधिवत सत्यापित की जानी चाहिए ।

3. **वित्तीय बोली**

3.1 वित्तीय बोली को अनुबंध - क के अनुसार BOQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाना चाहिए।

4. **पात्रता मानदंड**

(कृपया तकनीकी बोली के साथ आवश्यक सहायक दस्तावेज संलग्न करें)

4.1 सक्षम प्राधिकारी से उपयुक्त लाइसेंस के साथ सभी वैधानिक आवश्यकताएं होनी चाहिए, जैसे,

4.1.1 श्रम लाइसेंस

4.1.2 जी.एस.टी. पंजीकरण संख्या

4.1.3 दुकान और स्थापना पंजीकरण प्रमाण पत्र

4.1.4 आयकर रिटर्न सहित पैन कार्ड

4.2 निविदा के सभी पृष्ठों पर कंपनी / फर्म के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

4.3 सं.लो.से.आ. को देयता जो भी हो, सहित प्रभावित फर्मों को सूचित किए बिना, पूर्ण या आंशिक रूप से निविदा को स्वीकार / अस्वीकार / विभाजित / रद्द करने का अधिकार है।

**5. धरोहर जमा राशि (ईएमडी)**

सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पक्ष में दिल्ली / नई दिल्ली में देय 6000/- रू. (छः हजार रू. मात्र) की धरोहर जमा राशि के लिए किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट / पे आर्डर संलग्न किया जाना चाहिए । बोलीदाता को उक्त डी.डी./ पी.ओ. की स्व-अनुप्रमाणित स्कैन की गई प्रति प्रस्तुत करनी चाहिए। मूल जमा धरोहर राशि की हार्ड प्रति क्रिटिकल डेट शीट में वर्णित बोली खुलने की तारीख / समय पर या उससे पहले सं.लो.से.आ. को अवश्य सुपुर्द की जानी चाहिए।

5.2 जमा धरोहर राशि अंतिम निविदा वैधता अवधि के 45 दिन बाद तक की अवधि के लिए वैध रहनी चाहिए।

5.3 एन.एस.आई.सी. / डी जी एस एण्ड डी या किसी अन्य संगठन से पंजीकृत फर्मों को दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करने पर जमा धरोहर राशि प्रस्तुत करने से छूट प्राप्त होगी। अन्य बोलीदाताओं को उपर्युक्त उल्लिखित जमा धरोहर राशि प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।

5.4 सभी असफल बोलीदाताओं द्वारा दी गई धरोहर जमा राशि को संविदा को अंतिम रूप दिए जाने के बाद उन्हें बिना किसी ब्याज के, चाहे जो भी हो, लौटा दी जाएगी।

5.5 यदि बोलीदाता इस निविदा की वैधता अवधि के भीतर मौजूदा निविदा को वापस लेता है या उसमें किसी प्रकार का संशोधन करता है या उसे बाधित करता है या उसमें किसी किस्म की कटौती करता है तो उसकी जमा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।

**6.** बोलीदाता को निविदा प्रपत्र के अनुसार पूर्ण रूप से अपनी बिना शर्त दरें उद्धृत करनी होंगी। निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत रूप से मोहर लगाई जानी चाहिए तथा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए ।

**7.** बोलियां तकनीकी बोली खोले जाने की तारीख से बोली स्वीकार्यता हेतु 6 माह की अवधि के लिए वैध रहेगी। कम वैधता अवधि वाली बोलियों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**<u>8. बोली का मूल्यांकन</u>**

8.1 बोली का मूल्यांकन इस उद्देश्य के लिए गठित निविदा मूल्यांकन समिति (नि. मू. स.) द्वारा किया जाएगा।

8.2 संविदा उसी फर्म को प्रदान की जाएगी जो निविदा आमंत्रण सूचना की सभी शर्तों और निबंधनों को पूरा करती हो तथा जिसने सबसे कम दरें उद्धृत की हों।

8.3 कर की यथालागू दरें मूल्य अनुसूची में अलग से उद्धृत की जानी चाहिए। अन्यथा, यह माना जाएगा कि उद्धृत की गई दरें कर सहित हैं और दरों में वृद्धि के लिए आगे किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

8.4 कर सहित तथा कर रहित दरों में किसी भी भिन्नता के मामले में वित्तीय मूल्यांकन के दौरान केवल कर सहित दरों पर ही विचार किया जाएगा। इस मुद्दे पर संबंधित फर्म से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**9. अन्य नियम और शर्तें:**

9.1 सशर्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

9.2 कार्य, कार्य आदेश के अनुसार निष्पादित किया जाना है।

9.3 चयनित फर्म को समारोह (इवेंट) शुरू होने से 24 घंटे पहले पूरा फुल प्रूफ काम सौंपना होगा।

9.4 समारोह (इवेंट) समाप्त होने के तत्काल बाद ही शामियाना (टेंट) खोलना प्रारंभ करना होगा।

9.5 सभी वस्तुओं को साइट पर लाने/ ले जाने की जिम्मेदारी पूर्णत: फर्म की है।

9.6 सभी सामग्री मानक गुणवत्ता वाली, नई और संतोषजनक होनी चाहिए।

9.7 सभी वस्तुएं अच्छी स्थिति में होनी चाहिए और इन्हें उचित स्थानों पर लगाने के बाद एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा साफ किया जाएगा।

9.8 अपेक्षित मात्रा तथा दिए गए विनिर्देश अनुमानित हैं तथा इनमें साइट की परिस्थिति के अनुरूप परिवर्तन संभव है और यदि आवश्यक हुआ तो इनमें कुछ मदें हटाई/ जोड़ी/ संशोधित की जा सकती हैं।

9.9 भुगतान वास्तव में उपयोग में लाई गई वस्तुओं के किराए के अनुसार किया जाएगा।

9.10 एजेंसियों से अनुरोध है कि वे प्रस्तावित साइट देख लें, कार्य को समझ लें और ऊपर दिए गए सभी निबन्धनों और शर्तों से सहमत हों।

9.11 फर्म पूरी वाइरिंग यूपीएससी द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाने वाले स्रोत से उपलब्ध कराएगी और इसमें सुरक्षा मानदंडों का पालन अवश्य किया जाना चाहिए। ठेकेदार को सौंपे गए कार्य के परिणामस्वरूप किसी भी प्रकार के खतरे से बचने के लिए उचित विद्युत संयोजन किए जाएं। बिजली के झटके, शॉर्ट-सर्किट और आग से बचने के लिए सभी विद्युत जोड़ों को ठीक से इंसुलेट किया जाना चाहिए।

9.12 किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए ठेकेदार बिना किसी अतिरिक्त लागत के अपने काम से संबंधित समाधान प्रदान करेगा।

9.13 उपयोग की जाने वाली पूरी सामग्री अति उच्च गुणवत्ता वाली होनी चाहिए। सामान अच्छी गुणवत्ता का न होने पर बिल से उचित कटौती कर ली जाएगी ।

9.14 एजेंसी द्वारा हैंगर, टेंट, लाइट आदि लगाने में सभी एहतियाती सुरक्षा उपायों को अपनाया जाना चाहिए। एजेंसी की लापरवाही के कारण होने वाली किसी भी गड़बड़ी और नुकसान के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा।

9.15 फर्म के प्रतिनिधियों को मोबाइल पर भी उपलब्ध होना चाहिए ताकि आपात स्थिति में इस कार्यालय द्वारा उनसे संपर्क किया जा सके। अत:, टेलीफोन के साथ-साथ मोबाइल नंबर भी आयोग को उपलब्ध कराया जाए।

9.16 सचिव, संघ लोक सेवा आयोग को सामान विनिर्देशों के अनुरूप न होने पर इसे अस्वीकार करने का अधिकार हैं ।

**10 जोखिम क्रय खंड :-**

यदि आपूर्तिकर्ता, बोली प्रस्तुत करने के बाद और इसकी स्वीकृति लंबित होने के दौरान अर्थात् कार्य आदेश जारी किए जाने के बाद, निविदा दस्तावेजों के इन निबंधनों और शर्तों का पालन करने में विफल रहता है, या सुपुर्दगी के नियत समय के अनुसार सामग्री आपूर्ति करने में विफल रहता है या अनुबंध को रद्द करता है तो संघ लोक सेवा आयोग को जमा धरोहर राशि को जब्त करने का अधिकार होगा।

**11. मध्यस्थता :-**

संघ लोक सेवा आयोग तथा फर्म के बीच या इस संविदा के किसी निष्कर्ष, अर्थ तथा प्रचालन से पैदा होने वाले सभी प्रश्न, विवाद या मतभेइ या संविदा भंग होने की स्थिति में विवाद का निपटान मध्यस्थता तथा समाधान अधिनियम 1996 के उपबन्धों के अनुसार संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त माध्यस्थ द्वारा किया जा सकेगा और उसका निर्णय संघ लोक सेवा आयोग तथा फर्म दोनों के लिए बाध्यकारी होगा । मध्यस्थता का स्थान दिल्ली होगा ।

**12.** बोलीदाता को एक वचनबंध प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की तुलना में किसी अन्य मंत्रालय / सरकारी संगठन में कम दर उद्धृत नहीं की हैं। वचनबद्ध अनुबंध-'घ' पर दिए गए निर्धारित प्रोफार्मा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

**13. भुगतान शर्तें :-**

13.1 उपर्युक्त व्यवस्थाओं के आयोजन के लिए कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।

13.2 समारोह संतोषजनक रूप से पूर्ण होने के पश्चात आवश्यक भुगतान किया जाएगा जिसके लिए संबंधित पार्टी को अपना बिल तीन प्रतियों में इस कार्यालय के सामान्य-1 अनुभाग में प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।

13.3 सेवा प्रदाता के बिल से निर्धारित दर पर आयकर की कटौती की जाएगी।

14. प्रत्येक बोलीदाता को यह प्रमाणित करना होगा कि उन्हें सभी निबंधन और शर्तें स्वीकार्य हैं।

15. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग को बिना कोई कारण बताए किसी बोली को पूर्णतया अथवा उसके भाग को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार प्राप्त है। इस संबंध में संघ लोक सेवा आयोग का निर्णय अंतिम और फर्म पर के लिए बाध्यकारी होगा ।

(अनिल कुमार)
अवर सचिव (सा.I)
दूरभाष नंबर - 23382415

**अनुबंध - क**

**शामियाना (टेंट) मंच (स्टेज) एवं बैठने की व्यवस्था की तैयारी के लिए बोलीयों को प्रस्तुत करने का प्रारूप**

**फर्म का नाम एवं पता** :-

टेलीफोन नं.

कार्यालय -

आवास -

मोबाइल -

संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति का नाम एवं दूरभाष सं.:

| क्र.सं. | मद | आकार/ विनिर्देश | अपेक्षित मात्रा | उद्धृत दरें | कुल मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ड.= गxघ) |
| 1. | जर्मन हैंगर संरचना / एल्युमिनियम शामियाना (वाटर प्रूफ) | -------- | 5800 वर्ग फुट (लगभग) | ---------- प्रति वर्ग फुट | |
| 2. | लकड़ी का प्लेटफार्म * | 2 फुट ऊंचाई के साथ 29' X 81' (साइट के अनुसार) | 2500 वर्ग फुट (लगभग) | ---------- प्रति वर्ग फुट | |
| 3. | लकड़ी के तख्ते | | 3000 वर्ग फुट (लगभग) | ---------- प्रति वर्ग फुट | |
| 4. | एमपी हॉल के अंदर दोनों तरफ रैंप के साथ डायस ** | 25’ X20’x2’ (लगभग) | 500 वर्ग फुट (लगभग) | ---------- प्रति वर्ग फुट | |
| 5. | साइड वाल (कनात) (काला / नीला / सफेद रंग) | | 2880 वर्ग फुट | ---------- प्रति वर्ग फुट | |
| 6. | स्टेज (मंच) के साथ-साथ साइड वाल (कनात) | | 480 वर्ग फुट | ---------- प्रति वर्ग फुट | |
| 7. | कनात | (40’X6’) | 240 वर्ग फुट | ---------- प्रति वर्ग फुट | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8. | ग्रीन रोलर कारपेट | (6'X18') | 9800 वर्ग फुट | ---------- प्रति वर्ग फुट | |
| 9. | रेड रनर | 18'X100' | 1800 वर्ग फुट | ---------- प्रति वर्ग फुट | |
| 10. | सफेद कवर के साथ भोज कुर्सियाँ | -------- | 500 नग | ________ प्रति कुर्सी | |
| 11. | पेडस्टल फैन शोररहित (बड़ा आकार) | Big Size | 20 नग | _________ प्रति बड़े आकार का पंखा (शोररहित) | |
| 12. | 500 वाट / एलईडी लाइट्स के साथ हैलोजन लाइटस्थापना | ----- | 5 नग | _______ प्रत्येक | |
| जीएसटी / कोई अन्य सरकारी शुल्क (यदि कोई हो) | | | | | |
| कुल उद्धृत मूल्य | | | | | |

*** आसान प्रवेश/निकास के लिए दो सीढ़ियों (तम्बू के दोनों तरफ) का प्रावधान किया जाना चाहिए।**
**** वर्तमान में, एमपी हॉल में एक डायस (20 फीट x 10 फीट x 1 फीट) उपलब्ध है जिसका आकार बढा कर 25 फीट x 20 फीट x 2 फीट किया जाना है**

**ध्यान दें:**
**क) वास्तविक आवश्यकता के आधार पर मात्रा को बढ़ाया / घटाया जा सकता है।**

**ख) जीएसटी या किसी अन्य सरकारी कर की दर, यदि कोई हो, को अलग से उद्धृत किया जाना चाहिए, अन्यथा यह माना जाएगा कि उद्धृत दर करों में शामिल है।**

**(प्रोपराइटर के हस्ताक्षर)**
**एवं फर्म / कंपनी की मुहर)**

## निविदा प्रपत्र

## शामियाना (टेंट), मंच (स्टेज) एवं बैठने की व्यवस्था के लिए निविदा

दिनांक --------------

सेवा में

श्री अनिल कुमार,
अवर सचिव (बै. एवं अनु.),
संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस,
शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069

संदर्भ : दिनांक ---------------------- का आपका निविदा जांच दस्तावेज सं.---------------

हम, अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त निविदा जांच दस्तावेज़ को पढ लिया है और प्रत्येक मद के नमूने देख लिए हैं। अब हम विहित प्ररूप में दिए गए विनिर्देशों के अनुरूप शामियाना (टेंट) मंच (स्टेज) एवं बैठने की व्यवस्था करने का प्रस्ताव करते हैं। विहित प्रारूप में हमारी तकनीकी बोली के साथ वित्तीय बोली (अलग-अलग सीलबंद लिफाफे में) संलग्न की जाती हैं, जो इस निविदा का भाग है। निविदा जांच दस्तावेज के अनुसार अपेक्षित अन्य दस्तावेज/ कागज़ात भी इसके साथ संलग्न हैं।

2. यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है तो हम उपर्युक्त निविदा जांच के निबंधन और शर्तों के अनुसार वित्तीय बोली में उद्धृत दरों पर यथा वर्णित सामान की आपूर्ति करने का वचन देते हैं।

3. हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि उपर्युक्त अवधि के भीतर आपकी लिखित स्वीकृति के साथ पठित यह बोली हमारे बीच बाध्यकारी संविदा निर्धारित करेगी ।

4. हम यह भी समझते हैं कि आप निम्नतम या कोई बोली जो आपकी ऊपर संदर्भित निविदा जांच के लिए प्राप्त करते हैं, को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं हैं।

5. हम उपर्युक्त निविदा जांच के सभी निबंधन और शर्तों को स्वीकार करते हैं ।

------------------

(दिनांक सहित हस्ताक्षर)

------------------

(नाम और पदनाम)

--------------------------------------------

के लिए और की ओर से निविदा
पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

-------------------

(फर्म की कार्यालय मुहर)

टिप्पणी : फर्म की कार्यालय मुहर और प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर इस प्ररूप में प्रत्येक पृष्ठ पर किए जाने हैं ।

## मंच (स्टेज) तथा बैठने की व्यवस्था के लिए निविदा

फर्म का विवरण

(फर्म के पत्र शीर्ष पर)

1. फर्म का नाम : ------------------------------------
2. कार्यालय का पता : ---------------------------------
3. दूरभाष सं. : कार्यालय :...................... आवास : ..............................

   मोबाइल :- .................. फैक्स सं. : ...........................
4. फर्म के निदेशक/ साझेदार/ मालिक का विवरण
   नाम :
   आवासीय पता (पते) :
   मोबाइल सं. : (संख्याएं) :
5. जी एस टी पंजीकरण प्रमाणपत्र :
   (पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न की जाए)
   फर्म/ मालिक का पैन सं. :
6. यह प्रमाणित किया जाता है कि हमारी फर्म को किसी सरकारी विभाग द्वारा न तो काली सूची में डाला गया है और न ही भारत में किसी भी स्थान पर फर्म या उसके मालिक/ साझेदार के विरूद्ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत/ लंबित है ।

--------------------

(तारीख सहित हस्ताक्षर)

--------------------

(नाम और पदनाम)

---------------------- के लिए और की ओर से हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

----------------------

(फर्म की कार्यालय मुहर)

**मंच (स्टेज)तथा बैठने की व्यवस्था के लिए निविदा**

**<u>वचनबंध</u>**

हम.......................................................................................................................

.........................................................................................................................

(फर्म का नाम तथा पता) दिनांक .............................. की संघ लोक सेवा आयोग की निविदा आमंत्रण सूचना के प्रत्युत्तर में निम्नानुसार सत्यापित करते है:

"हमारे द्वारा उद्धृत की गई दर अन्य किसी भी मंत्रालय / सरकारी संगठन के लिए समान मदों के लिए उद्धृत की गई दरों से अधिक नहीं है"।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

रबड की मोहर सहित फर्म / बोलीदाता का नाम तथा पता

**अनुबंध- ड.**

**जांचसूची**

| क्रम सं. | विवरण | हां या नहीं |
|---|---|---|
| 1. | विधिवत भरा हुआ निविदा प्रपत्र | |
| 2. | बीओक्यू (.एक्सएलएस) फॉर्मेट में निर्धारित प्रपत्र (अनुबंध - क) में विधिवत भरी हुई वित्तीय बोली | |
| 3. | पैन कार्ड की स्व-अनुप्रमाणित प्रति | |
| 4. | जी एस टी पंजीकरण प्रमाणपत्र सहित जी एस टी आई एन सं. | |
| 5. | अनुबंध- ख के अनुसार निविदा प्रपत्र | |
| 6. | अनुबंध- ग के अनुसार फर्म का विवरण | |
| 7. | अनुबंध-घ में वचनबंध | |
| 8. | जमा धरोहर राशि/ छूट संबंधी प्रमाणपत्र संलग्न है | |
| 9. | ई-मेल आई डी तथा वेबसाइट | |
| 10. | स्थापना का वर्ष | |
| 11. | जीएसटी पंजीकरण सं. | |
| 12. | श्रम लाइसेंस | |
| 13. | आवश्यकतानुसार कोई अन्य मद | |

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)
(फर्म का नाम तथा पता)




संघ लोक सेवा आयोग
91वाँ स्थापना दिवस समारोह
वर्ष 2017
Union Public Service Commiss
91st Foundation Day Celebratio
Year 2017